के नीचे गारंटियों पर हस्ताक्षर करने वाले अधिकारी / अधिकारियों का नाम, पदनाम और कोड नंबर दिया जाना चाहिए।

ii. बैंक गारंटी के लाभान्विती को भी यह सूचित किया जाना चाहिए कि वह अनिवार्य रूप से सुरक्षा के उपाय के रूप में संबंधित बैंक द्वारा जारी गारंटी की प्रामाणिकता के बारे में उससे पुष्टि प्राप्त करे।

iii. महा निदेशक, आपूर्ति और निपटान संविदा प्रशासन में जमानत के रूप में बैंकों द्वारा जारी बैंक गारंटी की प्रारंभिक अवधि मूल दाति (सुपुर्दगी) अवधि के बाद छः महीने की अवधि के लिए होगी। बैंक गारंटी की वैधता अवधि को स्वत: 6 महीने बढ़ाने का प्रावधान करने के लिए अपनी बैंक गारंटी में उपयुक्त खंड शामिल कर सकते हैं तथा गारंटी जारी करते समय ग्राहक से उपयुक्त वचन भी प्राप्त कर सकते हैं, ताकि बाद में किसी संभावित जटिलता से बचा जा सके।

iv. महा निदेशक, आपूर्ति और निपटान द्वारा महा निदेशक, आपूर्ति और निपटान (डीजीएस एंड डी) के टेंडर फार्म 229 (निविदाकर्ताओं को अनुदेश) में इस आशय का एक खंड शामिल किया जाये कि जब भी कोई फर्म, उस स्थिति में जहां बैंक गारंटी दी गयी है, संविदा की दाति अवधि के भीतर माल की आपूर्ति नहीं कर पाये, तो दाति अवधि को बढ़ाये जाने के अनुरोध को स्वत: ही बैंक गारंटी बढ़ाये जाने के लिए करार के रूप में ले लिया जायेगा। बैंकों को गारंटी अवधि स्वत: बढ़ाने के लिए बैंक गारंटियों में इसी प्रकार के प्रावधान करने चाहिए।

v. सीमा शुल्क विभाग द्वारा जारी की गई सार्वजनिक सूचना में अन्य बातों के साथ-साथ यह शर्त रखी गई है कि आयातक द्वारा प्रस्तुत की गई सभी बैंक गारंटियों में ही स्वनवीकरण खंड निहित होना चाहिए। चूंकि सीमा शुल्क विभाग द्वारा जारी की गई सार्वजनिक सूचना में निहित शर्त डीजीएस एण्ड डी के टेंडर फॉर्म में निहित सूचना के समान है इसलिए उपर्युक्त उप-पैराग्राफ (iv) के अनुसार डीजीएस एण्ड डी को जारी की गई बैंक गारंटियों में गारंटी की अवधि के स्वत: विस्तार का प्रावधान सीमा शुल्क गृहों के पक्ष में जारी की गई बैंक गारंटियों पर भी लागू किया जाए।

vi. महा निदेशक, आपूर्ति और निपटान संविदा प्रशासन में जमानत के रूप में बैंक गारंटी और उसकी अवधि बढ़ाने के पत्र गैर-न्यायिक स्टैम्प पेपर पर होंगे।

### 2.2.8 <u>शेयर और स्टॉक दलालों /पण्य दलालों की ओर से गारंटियां</u>

बैंक जमानती जमाराशियों के बदले स्टॉक एक्सचेंजों के पक्ष में शेयर और स्टॉक दलालों की ओर से उस सीमा तक गारंटियां जारी कर सकते हैं जिस सीमा तक वह स्टॉक एक्सचेंजों द्वारा निर्धारित बैंक गारंटी के फार्म में स्वीकार्य हो। बैंक स्टॉक एक्सचेंजों के विनियमों के अनुसार मार्जिन आवश्यकताओं के बदले गारंटियां भी जारी कर सकते हैं। बैंकों को यह भी

2.2.10 **राज्य सरकार की गारंटियां**

राज्य सरकार के उपक्रमों / परियोजनाओं के प्रस्ताव के संदर्भ में निदेशकों और अन्य प्रबंधकीय कार्मिकों की व्यक्तिगत गारंटियां लेने के लिए भी उपर्युक्त पैराग्राफ 2.2.9 में निर्दिष्ट दिशा-निर्देशों का अनुपालन किया जाना चाहिए और जब तक बिल्कुल जरूरी न हो तब तक गारंटी पर बल नहीं दिया जाना चाहिए। दूसरे शब्दों में, बैंक गुणवत्ता के आधार पर और केवल प्रत्येक मामले की परिस्थितियों की पूरी जांच करने के पश्चात् ही बिलकुल आवश्यक परिस्थितियों में, राज्य सरकारों की गारंटियां प्राप्त कर सकते हैं, न कि नियमित रूप में।

## 2.3 विदेशी मुद्रा प्रबंधन (गारंटी) विनियमावली, 2000 के अंतर्गत जारी विनियमों द्वारा नियंत्रित गारंटियां

2.3.1 निर्यातों के लिए बोली बांड और कार्यनिष्पादन बांड अथवा गारंटी

(i) 3 मई 2000 की अधिसूचना सं. एफईएमए.8/2000-आरबी के अनुसार प्राधिकृत व्यापारी बैंकों को इस बात की अनुमति है कि वे भारत से वास्तविक निर्यातों के लिए विदेशी खरीदारों के पक्ष में कार्यनिष्पादन बांड या गारंटी दें।

(ii) सतर्कता सूची में शामिल किये गये निर्यातकों के संबंध में कार्यनिष्पादन बांड / गारंटी जारी करने के लिए प्राधिकृत व्यापारी बैंकों को भारतीय रिज़र्व बैंक से पूर्वानुमोदन प्राप्त करना चाहिए। ऐसी कोई गारंटी जारी करने के पूर्व उन्हें इन बातों से स्वयं को संतुष्ट कर लेना चाहिए - आवेदक की वास्तविकता, संविदा पूरी करने की उसकी क्षमता और यह कि संविदा /निविदा के मूल्य के प्रतिशत के रूप में बोली /गारंटी का मूल्य उचित है एवं अंतरराष्ट्रीय व्यापार की सामान्य पद्धति के अनुसार है तथा संविदा की शर्तें विदेशी मुद्रा प्रबंधन विनियमों के अनुसार हैं।

(iii) जहाँ स्थानीय कानूनों /विनियमों के अनुसार विदेशी खरीदारों को सिर्फ स्थानीय बैंकों की गारंटियां स्वीकार्य हों उन मामलों में भारतीय निर्यातकों की ओर से अपनी विदेशी शाखाओं /प्रतिनिधियों द्वारा जारी की जाने वाली गारंटियों को कवर करने के लिए प्राधिकृत व्यापारी बैंक उक्त शर्तों पर उनके पक्ष में काउंटर-गारंटियां भी जारी कर सकते हैं।

(iv) जब कभी बांड /गारंटी लागू की जाये, प्राधिकृत व्यापारी बैंक उसके तहत देय राशि की अदायगी अनिवासी लाभार्थियों को कर सकते हैं।

2.3.2 बैंक गारंटी जारी करना

3 मई 2000 की अधिसूचना सं. फेमा 8/2000-आरबी द्वारा अधिसूचित विदेशी मुद्रा प्रबंध (गारंटी) विनियमावली 2000 के विनियम 4 के अनुसार प्राधिकृत व्यापारी बैंकों को उक्त विनियम में उल्लिखित कतिपय मामलों में गारंटी देने की अनुमति दी गयी है।

(i) <u>विदेशी एयरलाइन /आइएटीए के पक्ष में बैंक गारंटी जारी करना</u>

विदेशी एयरलाइन कंपनियों के भारतीय एजेंट, जो अंतरराष्ट्रीय हवाई परिवहन संघ (आइएटीए) के सदस्य हैं, को अपने टिकट विक्रय के कारोबार के संबंध में विदेशी एयरलाइन कंपनियों/आइएटीए के पक्ष में बैंक गारंटी प्रस्तुत करनी पड़ती है। चूँकि इस कारोबार में यह मानक अपेक्षा है, अत: प्राधिकृत व्यापारी बैंक अपने कारोबार के दौरान विदेशी एयर लाइन कंपनियों के उन भारतीय एजेंटों की ओर से जो अंतरराष्ट्रीय हवाई परिवहन संघ (आइएटीए) के सदस्य हैं, उनके टिकट विक्रय कारोबार के सिलसिले में विदेशी एअयर लाइन कंपनियों /आइएटीए के पक्ष में गारंटी जारी कर सकते हैं।

(ii) <u>सेवा आयातकों की ओर से बैंक गारंटी जारी करना</u>

प्राधिकृत व्यापारी संवर्ग I के बैंकों को अब यह अनुमति दी गई है की 500000 अमरीकी डालर अथवा उसकी समतुल्य राशि से अनधिक राशि के लिए अनिवासी सेवा प्रदाता के पक्ष में सेवा आयात करने वाले अपने निवासी ग्राहकों की ओर से गारंटी जारी करें, बशर्ते :

(क) प्राधिकृत व्यापारी संवर्ग - I का बैंक सौदे की प्रमाणिकता के संबंध में संतुष्ट है;

(ख) प्राधिकृत व्यापारी संवर्ग - I का बैंक सेवाओं के आयात के प्रलेखी साक्ष्य की यथासमय प्रस्तुति सुनिश्चित करता हैं; और

(ग) गारंटी का उद्देश्य निवासी और अनिवासी के बीच होनेवाली संविदा से उत्पन्न प्रत्यक्ष संविदागत देयता को सुरक्षित करना है।

तथापि, सरकारी क्षेत्र की कंपनी अथवा भारत सरकार /राज्य सरकारों के विभाग / उपक्रम के मामले मेँ 100000 अमरीकी डालरों (एक लाख अमरीकी डालर) अथवा उसकी समतुल्य राशि से अधिक राशी के लिए गारंटी जारी करने हेतु वित्त मंत्रालय, भारत सरकार का अनुमोदन अपेक्षित होगा।

(iii) <u>बैंक गारंटी जारी करना - पण्य हेज करना</u>

भारत में प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी I का बैंक भारत में निवास करनेवाले किसी व्यक्ति के ऐसे दायित्व के संबंध में भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा समय-समय पर निर्धारित शर्तों के अधीन गारंटी अथवा आपाती साख पत्र दे सकता है, जो कि ऐसे व्यक्ति के अनुमोदित पण्य हेजिंग लेनदेन के संबंध में मार्जिन राशि की अदायगी के संबंध में भारत के बाहर निवासी व्यक्ति को देय हैं। बैंकों को सूचित किया जाता है कि प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी I का बैंक जिन शर्तों तथा दिशानिर्देशों के आधार पर उपर्युक्त सुविधा के अंतर्गत आपाती साख पत्र/बैंक गारंटी जारी कर सकता है उनके लिए वे `जोखिम प्रबंधन तथा अंतर-बैंक व्यवहार' पर 1 जुलाई 2013 का मास्टर परिपत्र देखें।

(iv) गारंटी लागू करने के मामले में, प्राधिकृत व्यापारी बैंक को चाहिए कि वह गारंटी लागू करने की परिस्थितियों को स्पष्ट करते हुए एक विस्तृत रिपोर्ट प्रभारी मुख्य महाप्रबंधक,

2.3.5 परियोजना निर्यातों के मामले में कुछ सावधानियां

(i) बैंक यह जानते हैं कि अधिक मूल्य के विदेशी परियोजना निर्यातों के लिए बोली के बाद की अवस्थाओं में सिद्धांत रूप में पैकेज अनुमोदन देने के प्रयोजन के लिए कार्यकारी दल की प्रक्रिया विकसित की गयी है। कार्यकारी दल की भूमिका मुख्यत: विनियामक स्वरूप की है, परंतु परियोजना के मूल्यांकन और परियोजना पर निगरानी रखने का उत्तरदायित्व अकेले प्रायोजक बैंक पर है।

(ii) चूंकि कार्यकारी दल के अनुमोदन प्रायोजक बैंकों की सिफारिशों पर आधारित हैं अत: प्रायोजक बैंकों को संविदाकर्ता / उप संविदाकर्ताओं की क्षमता, संविदाओं के संरक्षी खण्डों, प्रतिभूति की पर्याप्तता, यदि कोई विदेशी उप संविदाकर्ता हो तो उनकी की क्रेडिट रेटिंग, आदि के संबंध में परियोजना प्रस्तावों की पूरी जांच करनी चाहिए।

(iii) अत: देशी परियोजना के वित्तपोषण के मामले में प्रस्तावों में शामिल वित्तीय और तकनीकी मांगों की तुलना में संविदाकर्ताओं (उप संविदाकर्ताओं सहित) तथा विदेशी नियोक्ताओं की क्षमता का सावधानी से आकलन करने की आवश्यकता को शायद ही कम कर आंका जा सके। वस्तुत:, निर्यात परियोजनाओं के उच्च मूल्य तथा चूक के मामले में विदेशी मुद्रा हानि की संभावनाओं तथा साथ ही भारतीय उद्यमियों की छवि की क्षति को देखते हुए उन पर अधिक ध्यान दिया जाना चाहिए।

(iv) जहां बोली बांड और कार्यनिष्पादन गारंटियों को टाला नहीं जा सकता, वहीं इस मामले पर विचार किया जाना है कि क्या विदेशी परियोजनाओं के वित्तपोषण के लिए विदेशी उधार राशियों के सभी मामलों में बैंकों द्वारा गारंटियां दी जानी चाहिए। ऐसी गारंटियां सिर्फ निर्यात-आयात बैंक की सहभागिता तथा ई सी जी सी काउंटर-गारंटी की उपलब्धता के कारण सामान्य रूप से निष्पादित नहीं की जानी चाहिए। गारंटी प्रदान करने के बाद अनुवर्ती कार्रवाई के लिए तथा संविदाओं पर निगरानी रखने के लिए उपयुक्त व्यवस्थाएं भी की जानी चाहिए।

2.3.6 निर्यात अग्रिम के लिए गारंटियां

(i) भारतीय रिज़र्व बैंक के ध्यान में आया है कि न्यून निर्यात आवर्त (टर्नओवर) वाले निर्यातक देशी बैंक गारंटियों के बदले, न्यून ब्याज दर वाली मुद्राओं में बड़ी राशि के निर्यात अग्रिम प्राप्त कर रहे हैं तथा ब्याज दर अंतर का लाभ उठाने के लिए वे ऐसे अग्रिमों को भारतीय रुपयों में बैंकों में जमा करते हैं। इसके अलावा, अग्रिम प्राप्त होने से पहले ही इस शर्त के साथ गारंटियां जारी की जा रही हैं कि अग्रिम प्राप्त हो जाने के बाद ही गारंटियां प्रभावी होंगी। निर्यात अग्रिमों के बट्टागत मूल्यों के बदले सममूल्य पर गारंटियां जारी की जा रही हैं। फेमा विनियमों का उल्लंघन करते हुए बिना किसी निर्यात परिणति के तथा/या पूर्व कार्य-निष्पादन देखे बगैर निर्यातकों को खुले तौर पर वायदा संविदा बुक करने, निरस्त करने तथा पुन: बुक (रिबुक) करने की अनुमति दी जा रही है। यह भी पाया गया है कि निर्यातक अपने मुद्रा एक्सपोज़र के भारतीय रुपया-अमेरिकी डॉलर लेग के बड़े हिस्से को खुला रखते हैं जिससे निर्यातकों और देशी बैंकों, दोनों को ही विदेशी मुद्रा जोखिम रहता है। ऐसे मामलों में,

विचार कर सकते हैं, ताकि निर्यात ऋण संबंधी सभी प्रस्तावों का निपटान त्वरित रूप से उसी केंद्र में हो सके।

2.3.8 <u>विदेशी मुद्रा प्रबंधन नियमावली द्वारा विनियमित अन्य गारंटियां</u>

विदेशी मुद्रा प्रबंधन विनियमावली द्वारा निम्न प्रकार की गारंटियों के निर्गम का प्रबंधन होता है :

i. छोटी गारंटियां
ii. बैंक गारंटियां - विदेशी ऋणों / उधारों (क्रेडिट) के अंतर्गत आयात
iii. अनिवासियों के लिए गारंटियां

परिचालनात्मक अनुदेशों के लिए उक्त 3 मई 2000 के एफईएमए. 8/2000 के अंतर्गत जारी अधिसूचना तथा विदेशी मुद्रा विभाग द्वारा अपने मास्टर परिपत्रों में जारी किये गये दिशानर्देश देखें। तथापि, सुलभ संदर्भ के लिए, इन गारंटियों के निर्गम के संदर्भ में अनुदेश /दिशा-निर्देश नीचे दिये जा रहे हैं :

2.3.8.1 <u>छोटी गारंटियां</u>

प्राधिकृत व्यापारी बैंक अपने ग्राहकों और विदेशी शाखाओं और प्रतिनिधियों की ओर से खो गये या त्रुटिपूर्ण दस्तावेजों, हस्ताक्षरों की अधिप्रमाणिकता और उसी प्रकार के अन्य प्रयोजनों के संबंध में सामान्य कारोबार के दौरान गारंटियां मुक्त रूप से दे सकते हैं।

2.3.8.2 <u>बैंक गारंटियां - विदेशी ऋणों / क्रेडिट के अंतर्गत आयात</u>

बैंकों /वित्तीय संस्थाओं को बाह्य वाणिज्यिक उधारों (ईसीबी) के संबंध में विदेशी ऋणदाताओं के पक्ष में गारंटियां /आपाती साख-पत्र अथवा लेटर्स ऑफ कम्फर्ट जारी करने की अनुमति नहीं है। लघु और मझोले उद्यमों के मामले में ईसीबी से संबंधित गारंटियां /आपाती साख-पत्र अथवा लेटर्स ऑफ कम्फर्ट प्रदान करने के लिए बैंकों से प्राप्त आवेदनों पर गुणवत्ता के आधार पर विवेकपूर्ण मानदंडों के अधीन अनुमोदन रूट के अंतर्गत रिज़र्व बैंक विचार करेगा। वस्त्रोद्योग की कंपनियों द्वारा मल्टी फाइबर एग्रीमेंट को क्रमबध्द रूप से समाप्त कर देने के बाद, वस्त्रोद्योग यूनिटों के आधुनिकीकरण अथवा विस्तार हेतु ईसीबी से संबंधित गारंटियां आपाती साख -पत्र, वचन पत्र अथवा लेटर्स ऑफ कंफर्ट जारी करने के लिए बैंकों से प्राप्त आवेदनों पर, विवेकपूर्ण मानदंडों के अधीन, अनुमोदन रूट के अंतर्गत रिज़र्व बैंक विचार करेगा।

2.3.8.3 <u>भारत में आयातों के लिए व्यापारिक उधार -</u>

<u>गारंटियां जारी करना - शक्तियों का प्रत्यायोजन</u>

i. विदेश स्थित आपूर्तिकर्ता, बैंक और वित्तीय संस्था द्वारा तीन वर्ष से कम की मूल समाप्ति अवधि के लिए सीधे आयातों के लिए दिये गये उधार का इसके बाद आयातों के

लिए `व्यापारिक उधार' के रूप में उल्लेख किया गया है। वित्त के स्रोत के आधार पर इस प्रकार के व्यापारिक उधार में आपूर्तिकर्ताओं के उधार या खरीददारों के उधार शामिल होंगे। यह नोट किया जाए कि तीन वर्ष और उससे अधिक के खरीददारों के उधार और आपूर्तिकर्ताओं के उधार बाह्य वाणिज्यिक उधारों (ईसीबी) की श्रेणी के अंतर्गत आते हैं जो समय-समय पर संशोधित 31 जनवरी 2004 के (ए.पी. डीआइआर सीरीज़) परिपत्र सं. 60 द्वारा जारी ईसीबी दिशा-निर्देशों द्वारा नियंत्रित है।

ii. प्राधिकृत व्यापारी बैंक पोतलदान की तारीख से एक वर्ष तक की समाप्ति अवधि वाली डीजीएफटी की वर्तमान निर्यात-आयात नीति के अंतर्गत अनुमत आयातों के लिए 20 मिलियन अमेरिकी डालर प्रति आयात लेनदेन तक भारत में आयातों के लिए व्यापारिक उधार का अनुमोदन कर सकते हैं। डीजीएफटी द्वारा वर्गीकृत पूंजीगत वस्तुओं के आयात के लिए, प्राधिकृत व्यापारी बैंक एक वर्ष से अधिक और तीन वर्ष से कम की समाप्ति अवधि वाले 20 मिलियन अमेरिकी डालर प्रति आयात लेनदेन तक व्यापारिक उधार का अनुमोदन कर सकते हैं। प्राधिकृत व्यापारी बैंक द्वारा अनुमत अवधि से अधिक अवधि बढ़ाने की अनुमति नहीं दी जायेगी।

iii. प्राधिकृत व्यापारी बैंकों को यह सामान्य अनुमति दी गयी है कि वे विदेश स्थित आपूर्तिकर्ता, बैंक और वित्तीय संस्था के पक्ष में विदेश व्यापार नीति (स्वर्ण को छोड़कर) के अधीन अनुमत सभी गैर पूंजीगत वस्तुओं के आयात के लिए एक वर्ष तक की अवधि हेतु तथा पूंजीगत वस्तुओं के आयात हेतु 3 वर्ष तक के लिए प्रति आयात 20 मिलियन अमेरिकी डालर तक गारंटियां/वचन पत्र/चुकौती आश्वासन पत्र (लेटर ऑफ कंफर्ट) जारी करें , परंतु ये समय-समय पर रिज़र्व बैंक द्वारा जारी विवेकपूर्ण दिशा-निर्देशों के अधीन होंगे। इस प्रकार की गारंटियों/वचन पत्रों/चुकौती आश्वासन पत्रों की अवधि पोतलदान की तारीख से गिने गये ऋण की अवधि के साथ समाप्त होनी चाहिए।

iv. जहां तक सूचना देने की व्यवस्था का संबंध है, 30 सितंबर 2013 को समाप्त होनेवाली तिमाही से प्राधिकृत व्यापारी बैंकों से यह अपेक्षित है कि वे अपनी सभी शाखाओं द्वारा गारंटियां/वचन पत्र/चुकौती आश्वासन पत्र जारी करने के संबंध में आंकड़े एक्सटेंन्सिबल बिजनेस रिपोर्टिंग लेंग्वेज (एक्सबीआरएल) प्लेटफॉर्म में तिमाही अंतरालों पर, समेकित विवरण के रूप में प्रस्तुत करें। इस संबंध में बैंक समय-समय पर यथासंशोधित 19 नवंबर 2013 के परिपत्र एपी (डीआईआर) सं 75 से मार्गदर्शन प्राप्त करें।

2.3.8.4 <u>भारत में प्रदान की गयी प्रतिभूतियों की जमानत पर विदेश में ऋण</u>

दिनांक 3 मई 2000 की अधिसूचना सं फेमा 8 / 2000 - आर बी के विनियम 4(2) के अनुसार कोई प्राधिकृत व्यापारी भारत से बाहर रहनेवाले व्यक्ति के किसी ऋण, दायित्व या अन्य देयता के संबंध में गारंटी दे सकता है जिसमें वास्तविक व्यापारिक लेनदेन के संबंध में ऐसे ऋण, दायित्व अथवा देयता शामिल है जिस पर भारत में रहनेवाले व्यक्ति का स्वामित्व है, बशर्ते यह गारंटी विदेश में स्थित अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा वाले बैंक की प्रति-गारंटी द्वारा रक्षित हो।

2.3.8.5 अनिवासियों के लिए गारंटियां

i. रिज़र्व बैंक ने समय समय पर यथासंशोधित 3 मई 2000 की अपनी अधिसूचना सं. एफईएमए /8/2000 द्वारा प्राधिकृत व्यापारी बैंकों को समय-समय पर भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी अनुदेशों की शर्त पर भारत से बाहर रहने वाले व्यक्ति के किसी ऋण या अन्य दायित्व या देयता के संबंध में भारत में रहने वाले व्यक्ति के पक्ष में गारंटी जारी करने की सामान्य अनुमति दी है।

ii. तदनुसार प्राधिकृत व्यापारी बैंक अनिवासी व्यक्तियों के ऋण, देयता या दायित्व वाले वास्तविक लेनदेनों के संबंध में अपनी विदेशी शाखाओं / प्रतिनिधियों या अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा वाले बैंक की ओर से भारत के निवासियों के पक्ष में गारंटियां / कार्यनिष्पादन बांड दे सकते हैं, बशर्ते वह बांड / गारंटी विदेशी प्रधान कार्यालय / शाखा / प्रतिनिधि या अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा वाले बैंक की प्रति-गारंटी द्वारा रक्षित हो।

iii. प्राधिकृत व्यापारी बैंकों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि काउंटर-गारंटियों का उचित मूल्यांकन किया जाता है तथा ऐसी गारंटियों के प्रति उनकी अपनी गारंटियां नेमी तौर पर जारी न की जायें। विदेश स्थित प्रधान कार्यालय / शाखा / प्रतिनिधि / अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा के बैंक की प्रति-गारंटी के लिए गारंटी जारी करने के पूर्व प्राधिकृत व्यापारी बैंकों को स्वयं को इस बात से संतुष्ट कर लेना चाहिए कि लागू किये जाने पर प्रति-गारंटी के अंतर्गत दायित्व को विदेशी बैंक द्वारा तत्परतापूर्वक सकारा जायेगा। यदि प्राधिकृत व्यापारी बैंक इस शर्त पर गारंटी जारी करना चाहे कि प्रति-गारंटी जारी करने वाले विदेशी बैंक से प्रतिपूर्ति प्राप्त होने पर अदायगी की जायेगी तो इस तथ्य की स्पष्ट जानकारी लाभार्थी को गारंटी दस्तावेज़ में ही दे दी जानी चाहिए।

iv. प्राधिकृत व्यापारी बैंक गारंटी लागू किये जाने पर तत्काल निवासी लाभार्थियों को रुपये में अदायगी कर सकते हैं तथा साथ-साथ प्रति-गारंटी जारी करने वाले संबंधित विदेशी बैंक से प्रतिपूर्ति प्राप्त करने की व्यवस्था कर सकते हैं।

v. जब विदेशी बैंकों की गारंटियां लागू की जा रही हों, तब उन मामलों में जहाँ प्राधिकृत व्यापारी बैंकों को अदायगी प्राप्त न हो रही हो, भारतीय रिज़र्व बैंक को रिपोर्ट प्रेषित की जानी चाहिए, जिसमें यह दर्शाया जाना चाहिए कि गारंटी के तहत देय राशि की वसूली के लिए बैंक द्वारा क्या कदम उठाये जा रहे हैं।

vi. प्राधिकृत व्यापारी बैंक विदेशी संगठनों द्वारा अथवा उनके ग्राहकों की ओर से, जो रिज़र्व बैंक से वैध लाइसेंस रखने वाले स्वयंपूर्ण मुद्रा-परिवर्तक हों, बिक्री के लिए रखे गये ब्लैंक यात्री चेकों के संबंध में यात्री चेक जारी करने वाले विदेशी संगठनों के पक्ष में गारंटियां जारी कर सकते हैं, बशर्ते विदेशी संगठनों से उपयुक्त प्रति-गारंटी प्राप्त की जाये। गारंटी लागू किये जाने की स्थिति में प्राधिकृत व्यापारी बैंक राशि प्रेषित कर सकते हैं, परन्तु, उन्हें उस पर पृथक् रिपोर्ट पूरे ब्यौरे देते हुए मुख्य महा प्रबंधक, विदेशी मुद्रा विभाग (विदेशी मुद्रा

बाज़ार प्रभाग), भारतीय रिज़र्व बैंक, केन्द्रीय कार्यालय, मुंबई -400 001 को प्रस्तुत करनी चाहिए।

vii) परिचालनगत लोचनीयता प्रदान करने तथा प्रक्रिया को सुगम बनाने की दृष्टि से, यह निर्णय लिया गया है कि प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी-I बैंकों को, भारतीय रिज़र्व बैंक के पूर्वानुमोदन के बगैर, भारतीय कंपनी के शेयर अथवा परिवर्तनीय डिबेंचर खुले प्रस्ताव/सूचीबद्धता से मुक्त होने/छोड़ने के प्रस्ताव द्वारा अनिवासी अर्जक की ओर से बैंक गारंटी जारी करने के लिए अनुमति दी जाए, बशर्ते:

क) लेनदेन भारतीय़ प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (शेयरों के भारी मात्रा में अर्जन और टेकओवर) [सेबी (एसएएसटी)] विनियमावली के उपबंधों के अनुसार है;

ख) गारंटी किसी अंतर्राष्ट्रीय विख्यात बैंक की काउंटर गारंटी द्वारा कवर की गयी हो।

यह नोट किया जाए कि गारंटी सेबी (एसएएसटी)] विनियमावली के तहत यथा अपेक्षित आफर धारण अवधि (tenure) के अनुरूप अवधि के लिए वैध होगी।

viii) गारंटी के आह्वान के मामले में, प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी-I बैंकों को गारंटी के आह्वान तक पहुंचने की स्तिति संबंधी रिपोर्ट प्रधान मुख्य महाप्रबंधक, विदेशी मुद्रा विभाग, भारतीय रिज़र्व बैंक, केंद्रीय कार्यालय, मुंबई 400001 को प्रस्तुत करना आवश्यक है।

### 2.3.8.6 ओवरसीज़ निवेश - पूर्णतया स्वाधिकृत सहायक कंपनियों/ विदेशी स्थित संयुक्त उद्यमों की ओर से गारंटी

(i) किसी भारतीय पक्षकार की पिछले लेखा परीक्षित तुलन पत्र की तारीख के अनुसार अपनी निवल मालियत की, भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा समय-समय पर निर्धारित सीमा तक अपने संयुक्त उद्यमों/पूर्णतया स्वाधिकृत सहायक कंपनियों के प्रति वित्तीय प्रतिबद्धता हो सकती है। यह वित्तीय प्रतिबद्धता निम्नलिखित रूपों में हो सकती है -

(क) संयुक्त उद्यम (जेवी)/पूर्णतया स्वाधिकृत सहायक कंपनियों (डब्ल्यूओएस) को पूंजी अंशदान और ऋण के रूप में।

(ख) जेवी/डब्ल्यूओएस की ओर से कार्पोरेट गारंटी (कार्य निष्पादन गारंटी के मामले में केवल 50 प्रतिशत मूल्य), और/या बैंक गारंटी (जो भारतीय पक्षकार की काउंटर गारंटी/संपार्श्विक से समर्थित हो) के रूप में;

(ग) जेवी/डब्ल्यूओएस की ओर से भारतीय पक्षकार (समूह की कंपनी सहित) की अचल/चल संपत्ति और अन्य वित्तीय आस्तियों पर चार्ज के रूप में।

(ii) भारतीय पक्षकार जेवी/डब्ल्यूओएस की ओर से किसी भी प्रकार की गारंटी (कार्पोरेट या व्यक्तिगत/प्राथमिक या संपार्श्विक/प्रवर्तक कंपनी द्वारा गारंटी/भारत में समूह कंपनी, सहयोगी प्रतिष्ठान या सहयोगी कंपनी द्वारा गारंटी) दे सकता है, बशर्ते

(क) सभी प्रकार की गारंटियों सहित भारतीय पक्षकार की कुल वित्तीय प्रतिबद्धता ओवरसीज प्रत्यक्ष निवेश के लिए निर्धारित समग्र सीमा के भीतर है;

(ख) कोई भी गारंटी अनिर्दिष्ट नहीं होनी चाहिए अर्थात् गारंटी की राशि और अवधि पहले से निर्दिष्ट होनी चाहिए।

(ग) कार्य निष्पादन गारंटी के मामले में, संविदा (ठेका) पूर्ण करने के लिए निर्दिष्ट समय संबंधित गारंटी की वैधता अवधि होगा।

(घ) कार्य निष्पादन गारंटी लागू करने की स्थिति में यदि वित्तीय प्रतिबद्धता की विनिर्दिष्ट सीमा का उल्लंघन होता है तो भारतीय पक्षकार को भारत से निधि भेजने के पहले रिज़र्व बैंक से पूर्व अनुमोदन प्राप्त करना चाहिए।

(ङ) रिज़र्व बैंक को फॉर्म ओडीआई भाग II में सभी प्रकार की गारंटियों की सूचना दी जानी चाहिए।

(iii) ओवरसीज़ प्रत्यक्ष निवेश की विद्यमान सीमा के भीतर ऑटोमेटिक रूट के अंतर्गत भारतीय पक्षकार फर्स्ट जेनेरेशन स्टेप-डाउन ऑपरेटिंग सब्सिडयरी की ओर से कार्पोरेट गारंटी दे सकता है।

(iv) भारतीय पक्षकार रिज़र्व बैंक के पूर्व अनुमोदन से दूसरी या परवर्ती पीढ़ी की स्टेप-डाउन ऑपरेटिंग सब्सिडयरी की ओर से कार्पोरेट गारंटी दे सकता है, बशर्ते भारतीय पक्षकार अप्रत्यक्ष रूप से उस ओवरसीज़ सब्सिडयरी में 51 प्रतिशत या उससे अधिक हित धारण करता है, जिसके लिए इस प्रकार की गारंटी जारी की जा रही है।

(v) भारतीय पक्षकार के ओवरसीज़ जेवी/डब्ल्यूओएस की ओर से निवासी बैंक द्वारा जारी बैंक गारंटी, जो भारतीय पक्षकार की काउंटर गारंटी/संपार्श्विक द्वारा समर्थित है, ओवरसीज़ प्रत्यक्ष निवेश के लिए भारतीय पक्षकार की वित्तीय प्रतिबद्धता की गणना में शामिल होगी। जारी होने वाली बैंक गारंटी रिज़र्व बैंक (बैंपविवि) द्वारा समय-समय पर जारी विवेकपूर्ण मानदंड के अधीन होगी।

(vi) वर्तमान/मूल गारंटी के रोलओवर को, भारतीय पार्टी की कुल वित्तीय प्रतिबद्धता का भाग होने के मद्देनज़र, नई वित्तीय प्रतिबद्धता न माना जाए, बशर्ते:

(क) मौजूदा/मूल गारंटी तत्समय/प्रचलित फेमा दिशानिर्देशों के अंतर्गत जारी हुई हो।

(ख) गारंटी के अंतिम उपयोग, अर्थात संयुक्त उद्यम/पूर्ण स्वामित्ववाली सहायक कंपनी/स्टेप डाउन सहायक कंपनी द्वारा उठायी गयी सुविधाओं, में कोई बदलाव न हुआ हो।

(ग) गारंटी की राशि सहित उसकी शर्तों में, वैधता अवधि को छोड़कर, कोई बदलाव न हुआ हो;

(घ) रोलओवर हुई गारंटी की रिपोर्टिंग, अब तक की भांति, समुद्रपारीय प्रत्यक्ष निवेश(ODI) फॉर्म के भाग-II में नई वित्तीय प्रतिबद्धता के रूप में किया जाएगा; और

(ड़) यदि भारतीय पार्टी किसी भी जांच / प्रवर्तन एजेंसी या विनियामक संस्था द्वारा जांच के अधीन है, तो संबंधित एजेंसी / संस्था को इस संबंध में सूचित किया जाएगा।

तथापि, यदि उक्त शर्तें पूरी न होती हों, तो भारतीय पार्टी मौजूदा गारंटी के रोलओवर / नवीकरण के लिए नामित प्राधिकृत व्यापारी बैंक के माध्यम से रिजर्व बैंक की पूर्वानुमति प्राप्त करेगी।

(vii) इसके अतिरिक्त, 03 मई 2000 की अधिसूचना सं. फेमा 8/2000-आरबी के पैरा 5(ख) के अनुसार प्राधिकृत व्यापारी बैंकों को किसी भारतीय कंपनी के विदेश में जेवी/डब्ल्यूओएस को या उसकी ओर से अपने कारोबार के संबंध में गारंटियां देने की अनुमति दी गई थी। दिनांक 27 मार्च 2007 के ए. पी. (डीआईआर सीरीज) परिपत्र सं. 29 के अनुसार भारतीय कंपनियों के विदेश में जेवी/डब्ल्यूओएस के पक्ष में बैंकों द्वारा जारी की गई गारंटियां भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी की गई गारंटियां भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा समय-समय पर जारी किए गए विवेकपूर्ण मानदंडों के अधीन होंगी।

उक्त उपायों का उद्देश्य भारतीय कंपनियों को विदेश में उनके कारोबार में सहायता करना था। तथापि, यह पाया गया है कि बैंक जेवी/डब्ल्यूओएस/डब्ल्यूओएसडीएस की ओर से ऐसे प्रयोजनों के लिए गारंटियां/स्टैंडबाय साख पत्र/चुकौती आश्वासन पत्र आदि जैसी निधीतर आधारित ऋण सुविधाएं दे रहे हैं,जो उनके कारोबार से संबंधित नहीं हैं, बल्कि कुछ मामलों में रुपया ऋण की चुकौती हेतु विदेशी मुद्रा ऋण लेने के लिए इनका प्रयोग किया गया है।

तदनुसार, यह सूचित किया जाता है कि भारतीय बैंकों की विदेशों में शाखाओं/सहायक कंपनियों सहित सभी बैंक भारतीय कंपनियों के जेवी/डब्ल्यूओएस/डब्ल्यूओएसडीएस की ओर से विदेश में सामान्य कारोबार को छोड़कर अन्य संस्थाओं से किसी भी प्रकार का ऋण/अग्रिम जुटाने के लिए स्टैंडबाय साखपत्र/गारंटी/चुकौती आश्वासन पत्र जारी नहीं करेंगे। हम आगे यह भी सूचित करते हैं कि भारतीय कंपनियों के विदेश में जेवी/डब्ल्यूओएस/डब्ल्यूओएसडीएस को उनके कारोबार के संबंध में भारत में शाखाओं के माध्यम से या विदेश में शाखाओं/सहायक कंपनियों के माध्यम से निधि/निधीतर ऋण सुविधाएं प्रदान करते समय बैंकों को ऐसी सुविधाओं के अंतिम उपयोग की प्रभावी निगरानी तथा ऐसी संस्थाओं की कारोबारी आवश्यकताओं के साथ उनकी अनुकूलता सुनिश्चित करनी चाहिए।

### 2.3.8.7 <u>दो निवासी कंपनियों के बीच हुए समझौते के तहत गैर-निधि आधारित सुविधाओं के लिए अनिवासी गारंटी</u>

(i) भारत में निवासी दो व्यक्तियों के बीच भारतीय रुपए में उधार लेने और उधार देने के कार्य विदेशी मुद्रा प्रबंध अधिनियम, 1999 के उपबंधों को आकृष्ट नहीं करते हैं। ऐसे मामले, जहां रुपए में ऋण भारत से बाहर के किसी निवासी व्यक्ति की गारंटी पर दिए जाते हैं, वहां विदेशी मुद्रा संबंधी लेनदेन तब तक शामिल नहीं होता है जब तक कि गारंटी का आह्वान नहीं किया जाता है और

अनिवासी गारंटीदाता से गारंटी की राशि अदा करने की अपेक्षा नहीं की जाती है। रिज़र्व बैंक ने 26 सितंबर 2000 की अधिसूचना सं. फेमा. 29/2000-आरबी के मार्फत भारत में निवासी व्यक्ति, जो कर्ज लेने वाला प्रधान व्यक्ति है (debtor), को गारंटी के अंतर्गत दायित्व वहन करने वाले भारत से बाहर के निवासी व्यक्ति को भुगतान करने के लिए आम अनुमति दी है ।

(ii) समीक्षा करने पर यह निर्णय लिया गया है कि, आम अनुमति के तहत, अनिवासी गारंटी सुविधा जो भारत में निवासी दो व्यक्तियों के बीच हुए समझौते के लिए उपलब्ध है को गैर-निधि आधारित सुविधाओं (साखपत्र/गारंटी/वचन-पत्र/चुकौती आश्वासन पत्र) के लिए बढ़ा दिया जाए। गारंटी के अंतर्गत अनिवासी गारंटीदाता द्वारा दायित्व की अदायगी और उसके बाद प्रधान कर्ज लेने वाले द्वारा दायित्व की अदायगी के तरीके अब तक की भाँति 30 मार्च 2001 के ए. पी. (डीआईआर सीरीज़) परिपत्र सं. 28 में दिए गए निर्देशानुसार जारी रहेंगे।

(iii) प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी-I बैंकों से अपेक्षित है कि वे प्रत्येक तिमाही के लिए इस बाबत अपनी सभी शाखाओं के आँकड़ों को 29 अगस्त 2012 के एपी (सीरीज) परिपत्र सं 20 को संलग्न अनुबंध में दिए गए फॉर्मेट में समेकित करके प्रस्तुत करे।

## **2.4 <u>अंतर-कंपनी जमाराशियों / ऋणों की गारंटियों पर प्रतिबंध</u>**

बैंकों को अन्य गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों / फर्मों से गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों / फर्मों द्वारा स्वीकृत जमाराशियों / ऋणों की वापसी की गारंटी देते हुए अंतर-कंपनी जमाराशियों / ऋणों को कवर करते हुए गारंटियां निष्पादित नहीं करनी चाहिए।

### 2.4.1 <u>गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों के पास निधियां रखने के लिए गारंटियों पर प्रतिबंध</u>

ये अनुदेश सभी प्रकार की जमाराशियों /ऋण चाहे उनका स्रोत कुछ भी हो पर लागू होंगे। इनमें न्यासों और अन्य संस्थाओं से गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों द्वारा प्राप्त जमाराशियाँ /ऋण, शामिल हैं। गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों के पास जमाराशियां रखने में परोक्ष रूप से समर्थ बनाने के लिए गारंटियां जारी नहीं की जानी चाहिए।

### 2.4.2 <u>अंतर-संस्थागत गारंटियों पर प्रतिबंध</u>

2.4.2.1 बैंकों को अंतर-कंपनी जमाराशियों /ऋणों को कवर करते हुए गारंटियां निष्पादित नहीं करनी चाहिए। गैर बैंकिंग संस्थाओं के पास परोक्ष रूप से जमाराशियां रखने में समर्थ बनाने के प्रयोजन से भी गारंटियां जारी नहीं की जानी चाहिए। यह शर्त सभी प्रकार की जमाराशियों /ऋणों पर, उदाहरण के लिए न्यासों और अन्य संस्थाओं से गैर बैंकिंग कंपनियों द्वारा प्राप्त जमाराशियों /ऋणों पर, लागू होगी चाहे उनका स्रोत कुछ भी हो।

2.4.2.2 निम्नलिखित प्रकार के लेनदेन एक गैर-बैंकिंग कंपनी द्वारा दूसरी गैर बैंकिंग कंपनी को उपलब्ध करायी गयी निधियों के संबंध में बैंकों द्वारा निष्पादित गांरटियों के स्वरूप के हैं, अत: बैंकों को ऐसी प्रथाओं से बचना चाहिए :-

| | | | |
|---|---|---|---|
| 31. | बैंपविवि. बीपी. बीसी. 90/21.04.141/ 2001-02 | 18.04.02 | गैर-जमानती अग्रिमों तथा गारंटियों से संबंधित मानदंडों से क्रेडिट कार्ड बकाया का अपवर्जन |
| 32. | आइईसीडी सं. 16/ 08.12.01/ 2001-02 | 20.02.02 | इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं का वित्तपोषण |
| 33. | बैंपविवि. बीपी. बीसी. 119/ 21.04.137/2000-02 | 11.05.01 | इक्विटी को बैंक का वित्तपोषण तथा शेयरों में निवेश - संशोधित दिशानिर्देश |
| 34. | बैंपविवि. सं. बीपी. बीसी. 78/ 21.04.099/99 | 04.08.99 | बैंक गारंटी |
| 35. | आइईसीडी सं. 26/ 08.12.01/ 98-99 | 23.04.99 | इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं का वित्तपोषण |
| 36. | बैंपविवि. सं. बीपी. बीसी. 16/ 21.04.099/97 | 28.02.97 | बैंक गारंटियों के अंतर्गत भुगतान - मामलों का त्वरित निपटान |
| 37. | बैंपविवि. सं. डीआइआर. बीसी. 90/13.07.05/98 | 28.08.98 | शेयरों तथा डिबेंचरों पर बैंक वित्त - मास्टर परिपत्र |
| 38. | आइईसीडी सं. 21/08.12.01/97 | 21.02.97 | पॉवर फाइनांस कार्पोरेशन (पीएफसी) द्वारा संचालित बिल भुनाई योजना /पुनर्भुनाई योजनाएं |
| 39. | आइईसीडी सं. 37/ 08.12.01/ 94-95 | 23.02.95 | वित्तीय संस्थाओं के पक्ष में बैंक गारंटी का निर्गम |
| 40. | आइईसीडी सं. 21/ 08.12.01/ 94-95 | 01.11.94 | भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) द्वारा संचालित बिल भुनाई योजनाएं |
| 41. | बैंपविवि. सं. बीपी. बीसी. 194/ 21.04.099/93 | 22.11.93 | बैंक गारंटियों के अंतर्गत भुगतान - मामलों का त्वरित निपटान |
| 42. | बैंपविवि. सं. बीसी. 185/ 21.04.009-93 | 21.10.93 | बैंक गारंटी निर्णयों की सत्यापित प्रतिलिपियां प्राप्त करने में विलंब |
| 43. | बैंपविवि. सं. बीसी. 20/ 17.04.001/92 | 25.08.92 | बैंकों में धोखाधड़ियों तथा कदाचारों से संबंधित विभिन्न पहलुओं की जांच करने की समिति |
| 44. | बैंपविवि. सं. बीपी. बीसी. 53/ सी. 473-91 | 27.11.91 | बैंक गारंटियों के अंतर्गत भुगतान - मामलों का त्वरित निपटान |
| 45. | बैंपविवि. सं. डीआइआर. बीसी. 35/सी.96 (ज़ेड)-90 | 22.10.90 | बैंक गारंटी योजना |
| 46. | आइईसीडी. सं. पीएमडी. बीसी. 12/सी. 446 (सी एंड पी)- 90/91 | 21.09.90 | वित्तीय संस्थाओं के पक्ष में गारंटियों की सह-स्वीकृति/निर्गम - क्रेता का ऋण योजना लाइन (बीएलसीएस) |
| 47. | बैंपविवि. सं. डीआइआर. बीसी. 11/सी. 96-89 | 09.08.89 | बैंक गारंटी योजना |
| 48. | बैंपविवि. सं. बीपी. बीसी. 124/सी. 473-89 | 31.05.89 | बैंक गारंटियों के अंतर्गत भुगतान - मामलों का त्वरित निपटान |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 49. | बैंपविवि. सं. आइएनएफ. बीसी. 73/सी. 109(एच)-89 | 15.02.89 | बैंक गारंटी योजना |
| 50. | आइईसीडी. सं. पीएमएस. 207/ सी.446 (सी एंड पी)-87/88 | 29.06.88 | सहायता संघ आधार पर अग्रिम - नए निवेश के संबंध में बैंकों तथा अखिल भारतीय वित्तीय संस्थाओं के बीच समन्वयन |
| 51. | आइईसीडी. सं. एफईडी. 197/ 822-डब्ल्यूजीएम-एमओडी-88 | 30.01.88 | परियोजना निर्यात - भारतीय संविदाकारों को ऋण सुविधाओं की मंजूरी |
| 52. | बैंपविवि. सं. बीपी. बीसी. 71/सी.473-87 | 10.12.87 | बैंक गारंटियों के अंतर्गत भुगतान - मामलों का त्वरित निपटान |
| 53. | बैंपविवि. सं. बीपी. बीसी. 11/ सी.473-87 | 10.12.87 | लागू की गई गारंटियों का भुगतान |
| 54. | बैंपविवि. एसआइसी. बीसी. 5ए/ सी.739 (ए-1)-87 | 29.01.87 | बैंकों द्वारा जारी साख पत्रों के अंतर्गत आहरित बिलों की सह-स्वीकृति |
| 55. | बैंपविवि. सं. बीपी. बीसी. 130/ सी.473-86 | 15.11.86 | बैंक गारंटी |
| 56. | बैंपविवि. सं. आइएनएफ. बीसी. 45/सी.109 (एच)-86 | 09.04.86 | बैंक गारंटी योजना |
| 57. | बैंपविवि. सं. बीपी. बीसी. 28/ सी.469 (डब्ल्यू)-86 | 07.03.86 | बैंक लिखत जारी करने के लिए सुरक्षाएं |
| 58. | बैंपविवि. सं. बीपी. बीसी. 18/ सी.473-86 | 24.02.86 | बैंक गारंटी |
| 59. | आइईसीडी. सं. पीएमएस. 129/सी.446 (पीएल)-85 | 11.10.85 | सीएएस-आईडीबीआई बिल पुनर्भुनाई योजना |
| 60. | बैंपविवि. सं. बीपी. बीसी. 111/ सी.469 (डब्ल्यू)-85 | 02.09.85 | बैंक लिखत, आदि जारी करने के लिए सुरक्षाएं |
| 61. | बैंपविवि. सं. एलईजी. बीसी. 77 /सी. 235सी-85 | 05.07.85 | बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 20 |
| 62. | बैंपविवि. सं. डीआइआर. बीसी. 25/सी. 96-84 | 26.03.84 | वाणिज्य बैंकों द्वारा अंतर कंपनी जमा/ऋणों की गारंटी |
| 63. | आइईसीडी. सं. सीएडी.82/ सी.446 (एचएफ-पी)-84 | 02.02.84 | राज्य आवास परिषदों तथा इसी प्रकार के निकायों को ऋण के संबंध में हुडको के पक्ष में बैंकों द्वारा प्रस्तुत गारंटी |
| 64. | बैंपविवि. सं. जीसी. एसआइसी. बीसी. 97/ सी.408 (ए)-83 | 26.11.83 | बैंकों द्वारा साख पत्रों को खोलना, गारंटी जारी करना तथा बिलों की सह-स्वीकृति |
| 65. | बैंपविवि. सं. डीआइआर. बीसी. 44/सी.96-83 | 30.05.83 | वाणिज्यिक बैंकों द्वारा अंतर कंपनी जमा/ऋणों की गारंटी |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 66. | बैंपविवि. सं. बीपी. 678/ सी. 473-83 | 11.01.83 | बैंक गारंटी |
| 67. | बैंपविवि. सं. सीएलजी. बीसी. 91/सी. 109 (एच)-82 | 30.09.82 | बैंक गारंटी योजना |
| 68. | आइसीडी. सं. सीएडी. 18/ सी. 446-82 | 10.02.82 | बैंक गारंटी - सकारना |
| 69. | बैंपविवि. सं. आइएनएफ. बीसी. 103/ सी.109-80 | 11.09.80 | बैंक गारंटी योजना |
| 70. | बैंपविवि. सं. सीएलजी. बीसी. 21/सी. 107 (एन)-78 | 08.02.80 | बैंक गारंटी योजना |
| 71. | बैंपविवि. सं. डीआइआर. बीसी. 122/ सी.96-83 | 20.09.78 | वाणिज्य बैंकों द्वारा अंतर कंपनी जमा/ऋणों की गारंटी |
| 72. | बैंपविवि. सं. सीएलजी. बीसी. 1/सी. 109 -78 | 02.01.78 | बैंक गारंटी योजना |
| 73. | बैंपविवि. सं. ईसीसी. बीसी. 77/ सी. 297एल (1-ए)-77 | 07.06.77 | भारतीय निर्यातकों की तरफ से विदेश स्थित नियोजकों/ आयातकों के पक्ष में भारतीय बैंकों द्वारा जारी बेशर्त गारंटी |
| 74. | बैंपविवि. सं. ईसीसी. बीसी. 89/ सी.297एल (1-डी)-76 | 04.08.76 | बोली बांड तथा कार्य-निष्पादन गारंटी |
| 75. | बैंपविवि. सं. एफओआइ. बीसी. 9/ सी.249-76 | 20.01.76 | अंतर-कंपनी जमाराशियों/ऋणों पर वाणिज्य बैंकों द्वारा बिलों/गारंटियों की सह-स्वीकृति |
| 76. | बैंपविवि. सं. जीसीएस. बीसी. 25/सी. 107 (एन)-74 | 01.04.74 | वाणिज्य बैंकों द्वारा अंतर कंपनी जमा/ऋणों की गारंटी |
| 77. | बैंपविवि. सं. एससीएच. बीसी. 88/सी. 96 (एस)-72 | 10.10.72 | भारतीय प्रत्यय गारंटी निगम लि. |
| 78. | बैंपविवि. सं. बीएम. बीसी. 81/ सी.297 (पी)-72 | 14.09.72 | बोली बांड तथा कार्य-निष्पादन गारंटी |
| 79. | बैंपविवि. सं. एससीएच. बीसी. 68/सी. 109 - 72 | 31.07.72 | बैंक गारंटी योजना |
| 80. | बैंपविवि. सं. एससीएच. बीसी. 27/सी. 96 (एस) - 72 | 24.03.72 | गैर-जमानती अग्रिमों/गारंटियों से संबंधित मानदंडों के प्रयोजन के लिए इनलैंड डी/ए बिलों के संबंध में छूट जारी रखना |
| 81. | बैंपविवि. सं. एससीएच. बीसी. 1610/सी. 96 (एस) - 70 | 23.10.70 | गैर-जमानती अग्रिम तथा गारंटियां |
| 82. | एनएटी 2002/सी. 473 - 70 | 29.7.70 | दिशानिर्देश जिनके अंतर्गत गारंटियों पर विचार किया जा सकता है या नहीं किया जा सकता है |

